**SET – 4**

**Series : GBM/C**

कोड नं.
**Code No.** **98**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **8** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# उद्यमिता

# ENTREPRENEURSHIP

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 70*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्नों की कुल संख्या* ***24*** *है ।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिये गये हैं ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***5*** *तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न का* ***1*** *अंक है ।*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

*(v) प्रश्न संख्या **6** से **10** तक लघु–उत्तर –**I** वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक हैं ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **11** से **17** तक दीर्घ–उत्तर –**I** वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **3** अंक हैं ।*

*(vii) प्रश्न संख्या **18** से **21** तक दीर्घ–उत्तर –**II** वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **4** अंक हैं ।*

*(viii) प्रश्न संख्या **22** से **24** तक दीर्घ –उत्तर वाले प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न के **6** अंक हैं ।*

*(ix) प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त और सारगर्भित हों ।*

*(x) प्रश्नों के उत्तर देने से पहले उनके क्रमांक नंबर अवश्य लिखें ।*

**General Instructions :**

*(i) **All** questions are compulsory.*

*(ii) There are total **24** questions in all.*

*(iii) Marks for each question are indicated against it.*

*(iv) Questions **1** to **5** are Very Short Answer type, carrying **1** mark each.*

*(v) Questions **6** to **10** are Short Answer-**I** Type questions carrying **2** marks each.*

*(vi) Questions **11** to **17** are Long Answer-**I** Type questions carrying **3** marks each.*

*(vii) Questions **18** to **21** are Long Answer-**II** Type questions carrying **4** marks each.*

*(viii) Questions **22** to **24** are Essay Answer Type questions carrying **6** marks each.*

*(ix) Answers should be brief and to the point.*

*(x) Please write down the serial number of the question before attempting it.*

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

1. नवीन एक कृषक परिवार से संबंधित है । एक दिन वह अपने टेलीविजन पर 'दूरदर्शन' का ' कृषि दर्शन कार्यक्रम' देख रहा था । कार्यक्रम का शीर्षक था 'मधुमक्खियों को कैसे विकसित किया जाए तथा शहद का उत्पादन कैसे किया जाए' ? इसी कार्यक्रम में विपणन सहकारी समितियों के माध्यम से शहद के विपणन पर भी चर्चा हो रही थी । नवीन ने मधुमक्खियों का विकास कर उत्पादित शहद का विपणन करने का निर्णय लिया । उस विचार क्षेत्र की पहचान कीजिए जिसने नवीन को इस विचार की व्युत्पत्ति में सहायता की कि वह मधुमक्खियों का विकास कर शहद का विपणन कर सके । **1**

Naveen belongs to a farmer family. One day he was viewing 'Kirshi Darshan' programme of 'Doordarshan' on his television. The heading of the programme was on 'How to grow honey-bees and produce honey' ? In the same programme the methods of marketing honey through marketing cooperative societies were also being discussed. Naveen decided to grow honey-bees and market the honey produced. Identify the idea field. which helped Naveen in generating the idea of growing honey-bees and marketing the honey.

2. 'पर्यावरण सूक्ष्म परीक्षण' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Environment Scanning' ?



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

3. 'कम्पनी अधिनियम' के अतिरिक्त उन दो दस्तावेजों की सूची दीजिए जिनके आधार पर कम्पनी के कार्यक्षेत्र का निर्धारण किया जाता है । **1**

List the two documents other than 'The Companies Act' on the basis of which the scope of a company is determined.

4. सृजनात्मकता प्रक्रिया के प्रथम तीन चरण हैं : विचार उत्पन्न होना, रचना तथा इन्क्यूबेशन । शेष चरणों की सूची उसी क्रम में दीजिए जिसमें इन्हें पूर्ण किया जाता है । **1**

The first three steps in the process of creativity are : idea germination, preparation and incubation. List the remaining two steps in the order in which they are followed.

5. 'विपणन व्यूहरचना' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'marketing strategy' ?

6. उद्यमी स्वयं ही इसके विषय में जान जाये, व्यवसाय सफलता की एक कुंजी यह पूर्वअनुमान लगाना है कि बाज़ार की क्या चाह अथवा आवश्यकता होगी । उस अवधारणा का नाम बताइए तथा अर्थ दीजिए जिसकी सहायता से वे भविष्य में झांक सकें । **2**

One of the keys to business success is to anticipate what the market will want or need before the entrepreneurs are aware of it themselves. Name and give the meaning of the concept with the help of which they can see into the future.

7. उस आर्थिक गतिविधि का नाम बताइए तथा अर्थ दीजिए जो वकीलों, चिकित्सकों, चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों तथा कम्पनी सचिवों द्वारा निष्पादित की जाती है । **2**

Name and give the meaning of the economic activity that is performed by lawyers, doctors, chartered accountants and company secretaries.

8. उद्देश्य निर्धारण के किन्हीं दो नियमों को समझाइए । **2**

Explain any two rules for goal setting.

9. रवि ने राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर राजस्थान के अलवर जिले में स्थित अपने गाँव में ₹ 10 लाख के आरम्भिक निवेश से एक ऑर्गेनिक खाद्य संसाधन इकाई शुरू की । उसने अपने पिताजी से ₹ 5,00,000 तथा अपने मित्र नरेश से ₹ 3,00,000 का ऋण भी लिया । छः महीने पश्चात्, अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए उसे फिर यह महसूस हुआ कि व्यवसाय को और अधिक वित्त की आवश्यकता है । अतः उसने हरीश से सम्पर्क स्थापित किया, जो एक सेवा-निवृत्त अधिकारी था तथा इसी प्रकार के व्यवसाय में अनुभव एवं विशेषज्ञता प्राप्त होने के साथ-साथ उसके अच्छे औद्योगिक सम्बन्ध भी थे । हरीश यह भी जानता था कि व्यवसाय में अत्यधिक जोखिम निहित होने के कारण इसमें उच्च-प्रतिफल की संभावना है । अतः वह रवि के व्यवसाय में ₹ 7 लाख लगाने के लिए इस शर्त के साथ सहमत हो गया कि दो वर्ष पश्चात् उसके द्वारा निवेश की गई राशि को समता में परिवर्तित कर दिया जाएगा ।

वित्त एकत्रित करने के लिए रवि द्वारा प्रयुक्त स्रोत का नाम बताइए तथा उसे समझाइए । **2**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Ravi started an organic food processing unit in his village situated on National Highway Number 8 in Alwar district of Rajasthan with an initial investment of □ 10 lakhs. He also took a loan of □ 5,00,000 from his father and a loan of □ 3,00,000 from his friend Naresh. After six months, for the expansion of his business he again felt that business required more funds. So he contacted Harish, who was a retired executive and had expertise and experience in similar type of business besides his good industry connections. Harish also knew that because of high-risk involved in the business there was a possibility of high return. Therefore, he agreed to invest □ 7 lakhs in Ravi's business with a condition that the amount invested by him will be converted into equity after two years.
Name and explain the source of raising finance used by Ravi.

10. ब्याज एवं कर के पूर्व तथा मूल्यह्रास एवं परिशोधन के पश्चात् एक व्यवसाय का शुद्ध लाभ ₹ 2,00,000 था । फर्म ने ₹ 5,000 का ब्याज तथा ₹ 6,000 के कर का भुगतान किया । वर्ष में ₹ 3,000 का मूल्यह्रास लगाया गया था तथा ख्याति को ₹ 1,000 से परिशोधित किया गया था ।
ईबीआईटीडीए (EBITDA) की गणना कीजिए । **2**

The net profit of a business before interest and tax but after depreciation and amortization was □ 2,00,000. The firm paid interest of □ 5,000 and tax of □ 6,000. The depreciation charged during the year was □ 3,000 and the value of goodwill amortized was □ 1,000.
Calculate EBITDA.

11. वित्तीय प्रबंध का क्या अर्थ है ? इसके उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । **3**

What is meant by financial management ? State its objectives.

12. निम्न सूचना से समता पर प्रत्याय की गणना कीजिए :
पूँजी ₹ 3,00,000
10% ऋण ₹ 1,00,000
ब्याज पूर्व शुद्ध लाभ ₹ 70,000.
यह भी उल्लेख कीजिए कि प्रति रुपये एक लाख समता पर यह प्रत्याय क्या होगा ? **3**

From the following information calculate Return on Equity :
Capital □ 3,00,000
10% Loan □ 1,00,000
Net profit before interest □ 70,000.
Also state the return on rupees per lakh of equity.

13. सिंह तथा गुप्ता ने चमड़े के बैग बनाने की इकाई की स्थापना का निर्णय लिया । उन्होंने व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं को निर्दिष्ट करने वाला एक समझौता किया । अब वे अपने द्वारा बनाये गये संगठन को पंजीकृत कराना चाहते हैं । उनके द्वारा बनाये गए संगठन के प्रकार की पहचान कीजिए तथा इसके पंजीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **3**

Singh and Gupta decided to start a leather bags manufacturing unit. They entered into an agreement stipulating the different aspects of business. Now they want to register the organization they have formed. Identify the form of organization formed by them and describe the procedure of its registration.



collegedunia India's largest Student Review Platform

14. सूरज तथा चांदनी एक नौजवान जोड़ा है जिनकी तीन वर्ष की एक बेटी रोशनी है । सूरज की नियुक्ति एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में है तथा वह स्पेन में पदस्थ है । चांदनी भी गुरुग्राम में एक आई.टी. फर्म के अधिकारी के रूप में कार्यरत है तथा अपने सास–ससुर के साथ दक्षिणी दिल्ली की एक कॉलोनी में रहती है । वह अपनी बेटी को एक लोकप्रिय डे–बोर्डिंग स्कूल में प्रवेश दिलाना चाहती है, परन्तु वह स्कूलों में जाने में असमर्थ है तथा एक ऐसा स्कूल जिसमें वह अपनी बेटी को प्रवेश दिला पाये, की पहचान नहीं कर पाई है । उसने इस समस्या पर सूरज के साथ विचार–विमर्श किया । सूरज ने समस्या की पहचान की तथा चांदनी को सलाह दी कि वह एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करे जो दिल्ली तथा एन.सी.आर. में स्थित स्कूलों की वेबसाइट से नर्सरी प्रवेश के बारे में आँकडे एकत्रित करे । उसने चांदनी को अपनी वेबसाइट www.nurseryadmission.com भी शुरू करने की सलाह दी तथा उस पर एकत्रित आँकडे अपलोड करने को कहा ताकि इन्हें उन जैसे दूसरे अभिभावक भी अपने बच्चों के प्रवेश के लिए उपयोग कर सके । चांदनी ने सूरज की सलाह मानी तथा एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति की । उसने उसे अपने घर के बेसमेन्ट में सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराईं । बहुत सारे अभिभावकों ने ₹ 100 प्रति निरीक्षण ऑनलाइन भुगतान कर चांदनी द्वारा शुरू की गई वेबसाईट देखी ।

(क) उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित उद्यमीय अवधारणा की पहचान कीजिए ।

(ख) इस अवधारणा ने चांदनी की किस प्रकार सहायता की, उल्लेख कीजिए ।

(ग) ऐसे किसी एक मूल्य की पहचान कीजिए जिसका सूरज तथा चांदनी ने पालन करने की चेष्टा की । **3**

Suraj and Chandni are a young couple having a three years old daughter Roshni. Suraj is employed with a multinational company and is posted in Spain. Chandni is also working as an executive with an IT firm in Gurugram and is staying with her in-laws in a locality of South Delhi. She wants to admit her daughter in a reputed day boarding school, but is unable to visit the schools and identify one where she could admit Roshni. She discussed the problem with Suraj. Suraj identified the problem and advised Chandni to hire a computer operator who could collect data related to admission in nursery class visiting the websites of different schools located in Delhi and NCR. He also advised Chandni to launch her own website www.nurseryadmission.com and upload the data so collected on it so that the same could be used by other parents like them for admission of their wards. Chandni followed the advise of Suraj and appointed a computer operator. She provided all facilities to him in the basement of her home. Large number of parents visited the website started by Chandni on an online payment of ₹ 100 per visit.

(a) Identify the entrepreneurship concept discussed in the above para.

(b) State how this concept is helped Chandni.

(c) State any one value that Suraj and Chandni tried to emulate.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

15. 'व्यापार करने की' किन्हीं तीन विशेषताओं को संक्षेप में समझाइए । **3**

Briefly explain any three characteristics of 'trading'.

16. उन परिस्थितियों का उल्लेख कीजिए जिनके अंतर्गत व्यवसाय संगठन का एकल स्वामित्व स्वरूप उपयुक्त होता है । **3**

State the circumstances under which the sole-proprietorship form of business organization is suitable.

17. 'शुद्ध मिष्ठान भण्डार' राम तथा मधुर के स्वामित्व वाली एक साझेदारी फर्म थी । 'बंगाली रसगुल्ला' दास एवं सेनगुप्ता के स्वामित्व वाली दूसरी साझेदारी फर्म थी । राम तथा मधुर 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे तथा दास एवं सेनगुप्ता 1 : 4 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । दोनों फर्म कोलकाता की एक लोकप्रिय मार्केट में स्थित थीं तथा स्पर्धात्मक व्यवसाय कर रही थीं । 'शुद्ध मिष्ठान भण्डार' के साझेदार राम ने देखा कि उनके बहुत से ग्राहक दूरस्थ जगहों से थे तथा यदि शुद्ध मिष्ठान्न भण्डार की शाखाएँ शहर के दूसरे भागों में भी खोली जाये तो फर्म बहुत अधिक लाभ अर्जित करेगी ।' बंगाली रसगुल्ला' की भी यही स्थिति थी । उनके ग्राहक भी शहर के विभिन्न तथा दूर-दूर के भागों से थे । एक दिन एक साझा मित्र के घर, एक कार्यक्रम में दोनों फर्मों के साझेदार मिले । दोनों फर्मों के साझेदार जानते थे कि उनकी फर्मों का आंतरिक विस्तार महंगा पड़ेगा । अतः मित्रवत शर्तों के आधार पर उन्होंने एक फर्म द्वारा दूसरी को अधिग्रहित करने के लिए चर्चा की । इस उद्देश्य के लिए तथा औपचारिकताओं को अंतिम रूप देने के लिए वे दोबारा मिलने के लिए सहमत हो गये । अन्ततः 1-1-2016 को परस्पर सहमति से तय की गई शर्तों पर 'शुद्ध मिष्ठान भंडार' ने 'बंगाली रसगुल्ला' का अधिग्रहण कर लिया ।

(अ) एक संवृद्धि-व्यूहरचना के रूप में 'अधिग्रहण' का अर्थ दीजिए ।

(ब) अधिग्रहण के लिए प्रयोग में लाए जा सकने वाले किन्हीं दो अन्य तरीकों का भी उल्लेख कीजिए । **3**

'Shudh Mishthan Bhandar' was a partnership firm owned by Ram and Madhur. 'Bengali Rasgoola' was another partnership firm owned by Das and Sengupta. Ram and Madhur were sharing profits in the ratio of 3:2 and Das and Sengupta used to share profits in 1:4 ratio. Both the firms were situated in a famous market of Kolkatta and were doing competitive business. Ram, the partner of Shudh Misthan Bhandar observed that many of their customers were from far off areas and if branches of Shudh Misthan Bhandar are also opened in other parts of the city the firm will be able to earn huge profits. Similar was the situation of Bangali Rasgoola. Their customers were also from the different and far off places of the city. One day in a function at a common friends house the partners of both the firms met. The partners of both the firms knew that the internal expansion of their respective firms will be costly. Hence, they discussed about the acquisition of one of the firms by another on friendly terms. For this purpose they agreed to meet once again to finalize the formalities. Finally, on 1-1-2016 'Shudh Mishthan Bhandar' acquired the business of 'Bengali Rasgoola' on mutually agreed terms and conditions.

(a) Give the meaning of 'Acquisition' as a growth strategy.

(b) State any other two ways which can be used for acquisition.

18. प्रचालन योजना का क्या अर्थ है ? इसके तत्त्वों को संक्षेप में समझाइए । **4**

What is meant by an operational plan ? Briefly explain its elements.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

19. 'वितरण मिश्र' का क्या अर्थ है ? वितरण माध्यम के किन्हीं तीन प्रकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए । **4**

What is meant by 'distribution mix' ? Describe briefly any three types of channels of distribution.

20. 'गुड हेल्थ प्राडक्स लिमिटेड' की प्रवर्तन टीम अपने हाल ही में नव प्रवृत्त ऑर्गेनिक शुगर फ्री जूसों के प्रवर्तन की व्यूह-रचना के बारे में विचार-विमर्श कर रही थी । वे मुख्य अधिकारी की उपस्थिति में 'लाइन से ऊपर', 'लाइन के नीचे' तथा 'लाइन के माध्यम से' उपगमनों पर विचार-विमर्श कर रहे थे । फर्म के मुख्य अधिकारी को इन उपगमनों के मध्य अंतर के विषय में जानकारी नहीं थी । उन्होंने टीम की एक सदस्य नमिता से 'लाइन से ऊपर' तथा 'लाइन के नीचे' प्रवर्तन के उपगमनों में अंतर स्पष्ट करने के लिए कहा । नमिता ने इन दोनों उपगमनों के मध्य अंतर को लक्ष्य, प्रवर्तन, परिमापन तथा उदाहरणों के आधार पर स्पष्ट किया । मुख्य अधिकारी को दोनों उपगमनों के बारे में अंतर स्पष्ट हो गया तथा उसने नमिता के कार्य की सराहना की । बताइए कि नमिता दोनों उपगमनों के बारे में अंतर किस तरह से स्पष्ट कर पाई होगी । **4**

The promotion team of 'Good Health Products Ltd' was discussing the strategy for the promotion of their newly introduced sugar free organic fruit juices. They were discussing 'above-the-line', 'below-the-line' and 'through-the-line' approaches in the presence of the chief executive of the company. The chief executive was not aware about the difference between these approaches. He asked one of the team members Nameeta to explain him the difference between 'above-the-line' and 'below-the-line' approaches of promotion. Nameeta explained the difference between these two approaches on the basis of target, promotions, measurability and examples. The chief executive understood clearly the difference between the two approaches and appreciated the efforts of Nameeta. Narrate how Nameeta could have differentiated between the two approaches.

21. जॉन तथा जीव एक साझेदारी फर्म चला रहे थे । फर्म फ्रूट जूस के उत्पादन तथा विपणन में लगी हुई है । जॉन उत्पादन तथा जीव व्यवसाय के अन्य प्राचलनों की देखरेख करता था । फर्म अच्छा व्यवसाय कर रही थी तथा उद्योग की लाभ दर से अधिक लाभ कमा रही थी । उनका व्यवहार ग्राहकों तथा व्यवसाय से जुड़े, अन्य लोगों के साथ अच्छा था । वे अपना बज़ट बहुत सावधानी से तैयार करते थे । वे अपने सामाजिक उत्तरदायित्व भी प्रभावी रूप से निभाते थे ।

(क) जॉन तथा जीव प्रत्येक द्वारा तैयार किये गए किसी एक बजट को समझाइए ।

(ख) जॉन तथा जीव द्वारा अपनाये गये किन्हीं दो मूल्यों की पहचान कीजिए । **4**

John and Jeev were running a partnership firm. The firm is engaged in the production and marketing of fruit juice. John was looking after the production and Jeev used to look after the remaining operations of the business. The firm was doing good business and earning profits more than the rate of profit of the industry. They used to be fair in their dealings with the customers and other stakeholders of the business. They used to do their budgeting very meticulously. They also used to discharge their social responsibilities effectively.

(a) Explain any one type of budget prepared each by John and Jeev.

(b) Identify any two values observed by John and Jeev.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

22. जयश्री ने, एक आवासीय इलाके में जहाँ ज्यादातर सरकारी कर्मचारी रहते हैं, महिलाओं के लिए एक सिलेसिलाये वस्त्रों की दुकान आरंभ की । उसके अथक प्रयासों के बावजूद वह अपने व्यवसाय में सफल नहीं हो सकी । ऐसे किन्हीं छः कारणों को समझाइए जो जयश्री के, व्यवसाय में विफल होने के कारण हो सकते हैं । **6**

Jaishree started a readymade garments shop for ladies in a residential area where mostly government servants live. Inspite of her best efforts she could not succeed in her business. Explain any six causes that could have been the reason for the failure of Jaishree's business.

23. सुरेश एक एकल स्वामित्व वाला व्यवसाय शुरू करना चाहता है । उसका अनुमान है कि उसका प्रति वर्ष विक्रय ₹ 15 लाख से अधिक होगा । उसके मित्र अनिल ने उसे आयकर विभाग से पी.ए.एन.(PAN) नंबर लेने की सलाह दी । सुरेश पी.ए.एन.(PAN) का अर्थ तथा महत्त्व जानना चाहता था तथा यह भी जानना चाहता था कि वे कौन से वर्ग हैं जिनके पास पी.ए.एन.(PAN) कार्ड होना चाहिए । अनिल ने उसे पी.ए.एन.(PAN) का अर्थ तथा महत्त्व समझाया तथा जिन लोगों के पास पी.ए.एन.(PAN) कार्ड होना चाहिए उनके विषय में भी समझाया । उपरोक्त के संबंध में :

(क) पी.ए.एन.(PAN) का अर्थ तथा महत्त्व उसी तरह से दीजिए जिस तरह से अनिल ने सुरेश को समझाया ।

(ख) उन विभिन्न वर्गों का भी उल्लेख कीजिए जिनके पास पी.ए.एन.(PAN) कार्ड होना चाहिए । **6**

Suresh wanted to start a sole-proprietorship form of business. He expects that his annual turnover is likely to be more than □ 15 lakhs. His friend Anil advised him to obtain a PAN number from Income Tax Department. Suresh wanted to know the meaning and importance of PAN and also the parties who must have a PAN card. Anil explained him the meaning and importance of PAN and also explained the different parties who must have PAN card. In the light of the above :

(a) Give the meaning and importance of PAN as described by Anil with Suresh.

(b) Also, state the various parties that must have a PAN card.

24. यह एक विशिष्ट वित्तीय संस्थान है जिसकी स्थापना 1 जुलाई, 1948 को संसद के एक विशेष अधिनियम द्वारा एक वैधानिक निगम के रूप में की गई थी । 1 जुलाई, 1993 को इसे एक सार्वजनिक कम्पनी में परिवर्तित कर दिया गया । इसका मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था के निगमित क्षेत्र में स्थापित औद्योगिक उद्यमों को मध्यकालीन तथा दीर्घकालीन ऋण प्रदान करना है, विशेषतः उन उद्योगों में जहाँ बैंक सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं ।

(क) उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित वित्तीय संस्थान की पहचान कीजिए ।

(ख) क्या उपरोक्त (क) में पहचाने गये वित्तीय संस्थान से एक औद्योगिक साझेदारी फर्म ऋण ले सकती है ? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए ।

(ग) पहचान किये गए संस्थान के किन्हीं दो उद्देश्यों तथा किन्हीं दो मुख्य कार्यों का उल्लेख कीजिए । **6**

It is a specialized financial institution which was established as a statutory corporation on 1st July, 1948, by a Special Act of Parliament. On 1st July, 1993 it was converted into a public limited company. Its main object is to provide medium and long term credit to eligible industrial enterprises in corporate sector of the economy, particularly in those industries in which banking facilities are not available.

(a) Identify the financial institution described in the above para.

(b) Can a partnership firm engaged in manufacturing obtain loan from the financial institution identified in (a) above ? Give reason in support of your answer.

(c) State any two objectives and any two main functions of the institution identified.

---



collegedunia
India's largest Student Review Platform